भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या.1666
उत्तर देने की तारीख 02.03.2020

बालिकाओं हेतु ईएमआरएस

1666. श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री नारणभाई काछड़ियाः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जनजातीय युवा बालिकाओं को भी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) में दाखिला प्रदान किया जाता है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त विद्यालयों में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में आबंटित बजट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(सुश्री रेणुका सिंह सरूता)

(क) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक ईएमआरएस में बालक तथा बालिकाओं के लिए सीटों की संख्या समान है। वर्ष 2019-20 के दौरान, देश भर के ईएमआरएस में जनजातीय बालिकाओं का नामांकन 36567 है।

(ख) जनजातीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अलावा, छात्रावास, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों के निर्माण, खेल-कूद उपकरणों, कोचिंग / प्रशिक्षण आदि के लिए भी निधि जारी की जाती है।

(ग) प्रति छात्र प्रति वर्ष अनुमोदित आवर्ती लागत रु. 1,09,000/- है। ईएमआरएस (480 छात्रों की क्षमता वाले) के निर्माण की लागत रु. 20.00 करोड़ है, जबकि पूर्वोत्तर, पर्वतीय क्षेत्रों, दुर्गम क्षेत्रों तथा वाम पंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में ईएमआरएस के निर्माण की लागत, सामान्य लागत से 20% अधिक है।

*****